MPMETRO

**Indore Metro News**

**6th September 2024**

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नईदुनिया | इंदौर | 3 | 6.09.2024 | कमर्शियल रन से पहले नवंबर में आएगा जांच दल |




नईदुनिया | 3
इंदौर, शुक्रवार, 06 सितंबर, 2024

# कमर्शियल रन से पहले नवंबर में आएगा जांच दल

## एमडी ने कहा ● गणेश चतुर्थी तक खजराना चौराहा तक सड़क पर नहीं लगेंगे मेट्रो के शेड

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौरः मेट्रो रेल प्रबंधन द्वारा इंदौर में सुपर कारिडोर के प्रायोरिटी कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से पर दिसंबर 2024 तक कमर्शियल रन शुरू करने की तैयारी की जा रही है। यही वजह है कि नवंबर तक मेट्रो के इस हिस्से में स्टेशन व अन्य कार्य पूरे करने के बाद कमिश्नर आफ मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) की टीम इंदौर आएगी। यह टीम इस हिस्से का निरीक्षण कर रिपोर्ट देगी। इसके आधार पर ही मेट्रो के इस हिस्से में यात्रियों को बैठाकर संचालन शुरू हो सकेगा।

गौरतलब है कि विगत 17 जून को हुई बैठक में प्रायोरिटी कारिडोर पर कमर्शियल रन शुरू करने पर जनप्रतिनिधियों व शहर के प्रबुद्ध लोगों ने इस रूट पर यात्री न मिलने को अप्रासंगिक बताया था। इस बैठक में सुपर कारिडोर से रेडिसन तक मेट्रो का हिस्सा तैयार करने पर ही कमर्शियल रन करने का सुझाव दिया गया था। मेट्रो प्रबंधन प्रायोरिटी कारिडोर के छोटे रूट पर सीएमआरएस की जांच कर अप्रूव लेने की तैयारी में है। छोटे रूट पर इस तरह की अनुमति आसानी से मिल जाती है। ऐसे में धीरे-धीरे जैसे मेट्रो के आगे के रूट पर संचालन शुरू किया जाएगा, उसकी अनुमति लेने में आसानी होगी। मेट्रो के कारण शहर में ट्रैफिक जाम व अन्य मुद्दों पर मेट्रो के एमडी ने बेबाक तरीके से अपनी राय रखी।



विजय नगर से रेडिसन होटल के बीच मेट्रो का कारिडोर नजर आने लगा है। इस पर जून-2025 तक मेट्रो में बैठकर सफर कर पाएंगे। ● नईदुनिया

### मेट्रो के एमडी से सीधी बात



एस.कृष्ण चैतन्य, एमडी मेट्रो रेल प्रबंधन

**क्या इंदौर में मेट्रो बंगाली चौराहे से अंडरग्राउंड होगी?**

- इस तरह का कोई भी बदलाव उच्च स्तर पर निर्णय के बाद होगा। भविष्य में उसके लिए पूरी अनुमति ली जाएगी और फिर बताया जाएगा।

**क्या दिसंबर में कमर्शियल रन प्रायोरिटी कारिडोर पर होगा?**

- जून 2025 तक रेडिसन चौराहा तक मेट्रो का संचालन शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

**सुरक्षा जांच के लिए सीएमआरएस टीम कब तक आएगी?**

- प्रायोरिटी कारिडोर पर कार्य पूर्ण करने के पश्चात नवंबर तक कमिश्नर आफ मेट्रो रेल सेफ्टी की टीम इंदौर आएगी।

**क्या सिंहस्थ के पहले इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो चल पाएगी?**

- इस रूट के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। इसके बाद हम उसे अप्रूवल के लिए भेजेंगे। उसके बाद इस प्रोजेक्ट की टाइम लाइन तय होगी।

**मेट्रो रूट के क्षेत्र पर एफएआर बढ़ाने की क्या योजना है, इस पर कैसे अमल होगा?**

- एफएआर बढ़ाने के मुद्दे में जितनी एजेंसी शामिल है, उनकी भी राय ली जा रही है। मेट्रो के प्रस्ताव के आधार पर जो सरकार निर्णय लेगी उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा।

**मेट्रो निर्माण कार्य से शहर में कई जगह ट्रैफिक अवरुद्ध हो रहा है?**

- हम यह देख रहे हैं कि जहां मेट्रो कार्य के कारण यातायात बाधित हो रहा है। वहां सुधार हो। जहां कार्य धीमा है उसे जल्द पूरा किया जाए।

**मेट्रो के लिए रोबोट से खजराना चौराहे की ओर भी शेड लगाने का काम शुरू हो गया है। गणेश चतुर्थी तक उस क्षेत्र में ट्रैफिक ज्यादा होगा?**

- हम प्रयास करेंगे कि गणेश चतुर्थी तक 10 दिन के लिए मेट्रो के शेड लगाने का काम न हो ताकि उस हिस्से में ट्रैफिक की समस्या न हो।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 2 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 3 | 6.09.2024 | एमडी हुए गंभीरः हर सप्ताह होगी मेट्रो रे ल प्रोजेक्ट की प्रगनत समीक्षा |

राज एक्सप्रेस
शुक्रवार, 6 सितम्बर, 2024
सूर्यास्त (शुक्रवार): 18:39
सूर्योदय (शनिवार): 06:10
महानगर
तापमान अधिकतम 29.6° न्यूनतम 22.0°
इंदौर 3
www.rajexpress.com



दिसंबर में प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन शुरू करने की तैयारी,यातायात में व्यवधान बन रहे बैरिकेड्स को हटाएं

# एमडी हुए गंभीर: हर सप्ताह होगी मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की प्रगति समीक्षा

● इंदौर/ राज न्यूज नेटवर्क

इंदौर और भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट को लेकर एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने गंभीर रूख अख्तियार कर लिया है। इंदौर प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा के लिए गुरुवार को इंदौर आए एमडी ने स्पष्ट कर दिया कि दिसंबर में प्रायोरिटी कॉरिडोर में कमर्शियल रन हर हाल में शुरू करना है। इसके लिए उन्होंने यह भी कहा कि अब मेट्रो प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा हर सप्ताह की जाएगी। एमडी चैतन्य ने अपने पिछले दौरे में दिए गए निर्देशों को परखा और जाना कि कितना काम हुआ है। हालांकि मेट्रो के मौजूदा प्लान के परिवर्तन के संबंध में पिछली दो मीटिंग में कोई बात नहीं हुई है। फिलहाल सारा ध्यान प्रायोरिटी कॉरिडोर के कमर्शियल रन पर ही केंद्रित है। समीक्षा बैठक में निदेशक शोभित टंडन, अजय गुप्ता, निदेशक, महाप्रबंधक अजय कुमार, रणवीर सिंह राजपूत, राजीव कुमार गोयल के साथ सभी जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण के कांट्रेक्टर्स कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल थे।

## तय समय में काम पूरा करने के निर्देश

एमडी ने मेट्रो के विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कांट्रेक्टर्स और जनरल कन्सल्टन्ट से इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी पर कमर्शियल रन को लेकर जो समय सीमा तय की गई है उसको लेकर सभी विषयों एवं तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए गए की कमर्शियल रन के पहले जो भी जरूरी प्रक्रिया है उनको पूर्ण कर लिया जाए जिससे तय समय मे सफलतापूर्ण कमर्शियल रन किया जा सके। एमडी ने सभी कांट्रेक्टर्स को आपसी तालमेल बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए जिससे सभी कार्य सुगम तरीके से एवं समय पर पूर्ण हो पाएं। उन्होंने कहा कि अब हर सप्ताह इंदौर मेट्रो प्रगति की जानकारी ली जाएगी।

## सभी से जनता की सुविधा के लिए दे अपना सर्वोत्तम

यातायात में व्यवधान बन रहे बैरिकेड्स को हटाए जाने के निर्देश एमडी चैतन्य ने पिछली बार दिए थे। इस दौरे में उन्हें फिर वही स्थिति नजर आई इस पर उन्होंने नाराजगी भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जहां मेट्रो के कार्य हो गए हैं वहाँ सार्वजनिक यातायात को सुचारू बनाने के लिए सड़कों के पुनर्निर्माण और अनावश्यक बैरिकेड्स को तत्काल हटाया जाए। उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट के सभी अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट के प्रतिनिधियों कांट्रेक्टर्स से अपना सर्वोत्तम योगदान देने की अपील की ताकि जिससे जल्द से जल्द आमजन के लिए मेट्रो की सुविधा मुहैया करवाई जा सके।

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
|---|---|---|---|---|---|
| 3 | नईदुनिया | इंदौर | 4 | 6.09.2024 | मेट्रो के लिए अब भोपाल के अफसर इंदौर की लगाएंगे दौड़ |



# मेट्रो के लिए अब भोपाल के अफसर इंदौर की लगाएंगे दौड़

इंदौर में मेट्रो को जल्द चलाने की कवायद की जा रही है। इंदौर में अभी तक मेट्रो कार्य सुस्ती चाल से धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था। अभी तक भोपाल में बैठकर मेट्रो के अफसर निगरानी करते थे और महीने में इक्का-दुक्का बार इंदौर आते थे। मेट्रो के नए एमडी ने इंदौर की मेट्रो को ट्रेक पर दौड़ाने के पहले भोपाल में बैठने वाले अफसरों को भी इंदौर की दौड़ लगवाने की तैयारी कर ली। सप्ताह में दो दिन दिन वे खुद अपनी टीम के साथ इंदौर में आकर कार्य का निरीक्षण करेंगे। ऐसे में इंदौर मेट्रो के दफ्तर में आराम से बैठकर मनमाने तरीके से काम करने वाले अफसरों की नींद भी उड़ी हुई है। वो कह रहे है कि हर सप्ताह एमडी इंदौर आएंगे तो वर्कलोड तो बढ़ेगा और आराम का मामला तो खत्म हो जाएगा। एमडी के इस फैसले से भोपाल के अफसरों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें अब भोपाल से इंदौर हर सप्ताह दौड़ लगानी होगी।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Content |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Free Press Journal | Indore | 03 | 6.09.2024 | MD oversees Metro project's progress |



## MD oversees Metro project's progress

**Indore:** S Krishna Chaitanya, MD, Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited (MPMRCL) conducted a review meeting on Thursday and discussed in detail about Indore Metro project's progress at Super Priority Corridor. He did an on-site inspection and review of the project last week. Now, he has decided that every week he will take information about updated progress and achievements against the target with all stakeholders. He appealed to all officers of the project, representatives of the general consultant and contractors to bring the Metro project on the ground by giving their best contribution so that the Metro facility can be provided to the public as soon as possible. He discussed all the subjects and preparations officials project contractors such as civil (station, depot, viaduct), system (rolling stock, signalling, traction, telecom etc.), general consultant regarding the time limit set for commercial run on Indore Metro Super Priority Corridor.

**7th September 2024**

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 5 | नवभारत | इंदौर | 12 | 07.09.2024 | मेट्रो ट्रेन की लागत दो गुना बढ़ी, फिलहाल मैट्रो ट्रेन का मार्ग पुराना ही ! |



# मेट्रो ट्रेन की लागत दो गुना बढ़ी, फिलहाल मैट्रो ट्रेन का मार्ग पुराना ही !

## केंद्र सरकार ने किया राजपत्र में घोषित

नवभारत न्यूज

**इंदौर. इंदौर मैट्रो रेल लाइन का ट्रेक फिलहाल पुराना ही रहेगा. मैट्रो हाई कोर्ट से ही अंडर ग्राउंड होगी. इसका केंद्र सरकार ने राजपत्र घोषित कर दिया है. इस बीच बढ़ी बात यह है कि मेट्रो ट्रेन निर्माण लागत प्रोजेक्ट में देरी के कारण लागत दो गुना हो गई है.**



मेट्रो ट्रेन को लेकर लंबे समय से पलासिया से अंडर ग्राउंड करने की कवायद पर फिलहाल विराम लग गया है. पिछली 22 अगस्त 2024 को घोषित केंद्र सरकार के राजपत्र में रोबोट चौराहे से हाई कोर्ट तक एलिवेडेट मार्ग ही रहेगा. इसकी बढ़ी वजह यह है कि पलासिया से अंडर ग्राउंड करने पर निर्माण लागत 16 सौ करोड़ का इजाफा हो जाएगा. मेट्रो रेल प्रोजेक्ट पहले ही बहुत पिछड़ चुका है.

रोबोट चौराहे से हाई कोर्ट तक एलिवेटेड मार्ग की लागत करीब 460 करोड़ रुपए आ रही है. हाई कोर्ट से बड़ा गणपति तक यह अंडर ग्राउंड लाइन डालने की योजना पहले से है. बड़ा गणपति से एयरपोर्ट तक वापस मैट्रो का एलिवेटेड मार्ग प्रस्तावित है.

### मेट्रो की येलो लाइन की लागत डबल हुई

गांधी नगर डिपो से सुपर कॉरिडोर, एमआर 10 से रेडिसन चौराहे होते हुए रोबोट चौराहे से खजराना, पलासिया से हाई कोर्ट से अंडर ग्राउंड बड़ा गणपति से एयरपोर्ट तक कुल 31.59 किलोमीटर मैट्रो की रिंग बनना है. प्रोजेक्ट जब शुरू किया था, तब इसकी निर्माण लागत 7 हजार 5 सौ करोड़ आंकी गई थी. अब मैट्रो की निर्माण लागत करीब 14 हजार करोड़ रुपए पर पहुंच चुकी है, यानी दो गुना हो चुकी है.

### सीधी बातचीत



मैट्रो ट्रेन के मैनेजिंग डायरेक्टर कृष्ण चैतन्य ने आज नवभारत से विशेष बातचीत की. आने वाले समय में मेट्रो की प्रोग्रेस और निर्माण पर अपनी राय व्यक्त की. उनसे बातचीत के अंश निम्न है -

- मेट्रो की निर्माण लागत बढ़ गई है और अभी काम अधूरा है?
- प्रोजेक्ट 2014 में बना और 2018 में काम शुरू हुआ. काम समय पर नहीं होने से लागत बढ़ना स्वाभाविक है.
- पलासिया से अंडर ग्राउंड लाइन डालने का प्रस्ताव और उससे लागत बढ़ने पर आपकी क्या राय है ?

यह सब उच्च स्तरीय मामला है. उच्च स्तर पर जो तय होगा, वैसा ही करेंगे. फिलहाल तो केंद्र ने राजपत्र घोषित किया है, उसमें हाई कोर्ट तक एलिवेटेड मार्ग हो बताया गया है.

- इंदौर से पीथमपुर मैट्रो रेल चलाने का टारगेट क्यों नहीं रखा गया, जबकि महू-पीथमपुर मास्टर प्लान 2021 में मैट्रो पॉलिटियन प्रस्तावित है?
- आपके सुझाव पर इसका फिजीबिलिटी सर्वे कराने की मंजूरी लेते है. उसके आधार पर आगे कारवाई करेंगे.
- इंदौर मैट्रो को लेकर वर्तमान स्थिति क्या है?

गांधी नगर से टीसीएस तक छह किलोमीटर पर कमर्शियल रन दिसंबर तक शुरू करने पर पूरा फोकस है. हर सप्ताह इंदौर आएंगे और समय पर बचा काम जल्दी खत्म करने का प्लान है.

| S.No. | Source | Edition | Page | Date | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | नईदुनिया | इंदौर | 2 | 07.09.2024 | पांच स्टेशनों पर कंट्रोल रूम तैयार |



# पांच स्टेशनों पर कंट्रोल रूम तैयार

## प्रायोरिटी कारिडोर ● एमडी ने साढ़े चार घंटे में 16 मेट्रो स्टेशनों का किया निरीक्षण

नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर : दिसंबर में गांधी नगर स्टेशन से सुपर कारिडोर स्टेशन नंबर 3 तक 5.9 किलोमीटर का सफर शहरवासी मेट्रो में बैठकर कर सकेंगे। प्रायोरिटी कारिडोर के इस हिस्से में पांच स्टेशनों का निर्माण कार्य अब पूर्णता की ओर है। यहां पर स्टेशन कंट्रोल रूम, सिग्नल सिस्टम, टिकट काउंटर व चार्जिंग रूम तैयार हो गए हैं। अब इन्हें फिनिशिंग टच देने का काम किया जा रहा है।

गौरतलब है कि दिसंबर में प्रायोरिटी कारिडोर पर मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू होना है। शुक्रवार को मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने प्रायोरिटी कारिडोर के पांच स्टेशनों सहित गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक 17 किलोमीटर के हिस्से में तैयार हो रहे 16 स्टेशनों का निरीक्षण किया। सुबह 9.30 से दोपहर 2 बजे तक करीब साढ़े चार घंटे में एमडी सहित मेट्रो के सभी अधिकारियों ने प्रत्येक स्टेशन पर रुककर वहां के निर्माण कार्य की प्रगति व आगामी कार्ययोजना की जानकारी ली और कार्य तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मेट्रो के एमडी ने निरीक्षण के दौरान मेट्रो के विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्टेशन, डिपो, वायडक्ट, रोलिंग स्टाक, सिग्नलिंग, ट्रैक्शन व टेलीकाम के कांट्रेक्टर व जनरल कंसल्टेंट से चर्चा भी की।



अधिकारियों के साथ मेट्रो की तैयारी देखते हुए एमडी एस. कृष्ण चैतन्य। ● सौजन्य

### विजयनगर स्टेशन के प्रवेश व निकासी मार्गों का स्थान देखा

मेट्रो के एमडी ने सुपर कारिडोर के स्टेशन नंबर 3 से रेडिसन चौराहे तक तैयार हो रहे मेट्रो स्टेशन के पास बनने वाले प्रवेश व निकासी गेट का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने व जो शुरू हुए हैं उन्हें पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इनके निर्माण के दौरान ट्रैफिक बाधित न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

अन्य मेट्रो स्टेशनों के मुकाबले विजयनगर चौराहे पर बनने वाला स्टेशन बड़ा होगा। इस चौराहे से एबी रोड के गुजरने वालों के साथ बीआरटीएस पर आइबस में सफर करने वालों को कनेक्टिविटी मिलेगी। इस वजह से विजय नगर के मेट्रो स्टेशन पर चार प्रवेश व निकासी मार्ग बनाए जाएंगे। इनमें विजयनगर थाने की जमीन पर एक प्रवेश व निकासी गेट बनाने की योजना है। मेट्रो के अधिकारियों ने विजय नगर थाने का अवलोकन किया और थाने को शिफ्ट किए जाने वाले वैकल्पिक स्थान को भी देखा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | Free Press | Indore | 7.09.2024 | 4 | Metro Rail Corp MD inspects 16 stations |



# Metro Rail Corp MD inspects 16 stations

**Our Staff Reporter**

INDORE



The Metro Rail Corporation managing director S Krishna Chaitanya conducted a field inspection of 16 stations from Gandhi Nagar to Robot Square under the 17 km Priority Corridor on Friday.

During the inspection, officers from various departments of Metro, project contractors such as civil (station, depot, viaduct), system (rolling stock, signaling, traction, telecom etc), general consultant discussed in detail all the issues and preparations on Indore Metro Priority Corridor.

The MD directed that the commercial run on the Super Priority Corridor (Gandhi Nagar to SC-03) is proposed this year and next year the entire Priority Corridor section which is about 17 km, both on the one hand and on the other, will be operational. Director (Systems) Shobhit Tandon, director (Projects) Ajay Gupta, general manager Civil (Underground) Ajay Kumar, general manager Civil (Elevated) Ranveer Singh Rajput and other officials were present who were also instructed to monitor the work regularly.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 07.09.2024 | 3 | भोपाल से पहले इंदौर में दौड़ेगी मेट्रो |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 3 September 07, 2024

## एमडी ने मेट्रो स्टेशन निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

# भोपाल से पहले इंदौर में दौड़ेगी मेट्रो

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584460010

इंदौर और भोपाल दोनों शहरों में से पहले मेट्रो कहा चलेगी इसको लेकर समय-समय पर निर्णय बदले रहे हैं। 2018 में प्रोजेक्ट की लॉचिंग के बाद इंदौर का प्रोजेक्ट ठेकेदार और कंसल्टेंट के बीच विवाद होने के कारण दो साल तक शुरू नहीं हो सका, जिसके कारण माना जा रहा था कि भोपाल में मेट्रो ट्रेन पहले चलेगी, लेकिन शिवराज सरकार में मेट्रो पूर्व एमडी मनीष सिंह ने इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट को गति दी और इंदौर को भी भोपाल के समक्ष ला खड़ा किया। इसके बाद सरकार ने दोनों शहरों में मेट्रो का कमर्शियल रन एक साथ शुरू करने का लक्ष्य रखा। पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर-उज्जैन मेट्रो की डीपीआर बनाने के निर्देश दिए थे। साथ ही सिंहस्थ से पहले एयरपोर्ट से रेडिसन चौराहे तक मेट्रो चलाने की घोषणा की थी, जिसके बाद अब मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन का पूरा फोकस इंदौर में ट्रेन पहले चलाने पर है।

**फसाड डेवलपमेंट नवंबर से पहले पूर्ण करने निर्देश**



मेट्रो एमडी एस. चैतन्य स्टेशन के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए।

### इंदौर मेट्रो पर फोकस

यही कारण है कि मेट्रो के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य पिछले दो दिनों से इंदौर में डेरा डाले हुए थे। उन्होंने जहां बुधवार को प्रोजेक्ट की समीक्षा की तो गुरुवार को सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के पांच स्टेशन के निर्माण की वस्तुस्थिति जानने पहुंचे। टीएसएस चौराहे के पास एससी-5 मेट्रो स्टेशन पर फसाड डेवलपमेंट के साथ सिविल वर्क चल रहा है। वहीं, दो स्टेशन की सड़क से अप्रोच का निर्माण चल रहा है। एमडी चैतन्य ने सिविल और फसाड डेवलपमेंट का काम नवंबर माह से पहले पूर्ण करने निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दिसंबर माह में मेट्रो चलाना है, तो नवंबर माह से पहले सभी बचे हुए काम खत्म करने होंगे।

### शुरुआत में कम मिलते हैं यात्री

एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने पहले चरण के सभी 16 स्टेशन का निरीक्षण किया, जिसमें सिविल और तकनीकी डायरेक्ट सहित अन्य अधिकारियों को कमियां दूर करने के निर्देश दिए। इस हिस्से में मेट्रो साल 2025 के अंत तक शुरू करने की तैयारी की जा रही है, जबकि दिसंबर 2024 में मेट्रो का सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर 5.90 किलोमीटर का ट्रैक जनता के खोला जाएगा। एमडी ने बताया कि छोटे ट्रैक पर मेट्रो को शुरू करना आसान होता है। सीएमआरएस निरीक्षण के दौरान ट्रैक, सिग्नल, सेफ्टी, ट्रेन, स्पीड, स्टेशन, सभी सुविधाओं की जांच होने के बाद ट्रेन संचालन हेतु अनुमति दी जाती है। देश में जहां भी मेट्रो की शुरुआत हुई, वहां यात्रियों की संख्या कम होती है। इंदौर में सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर वर्तमान में यात्री कम मिलेंगे, लेकिन धीरे-धीरे यह संख्या बढ़ेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 | नवभारत | इंदौर | 07.09.2024 | 2 | मेट्रो प्रबंध संचालक हर सप्ताह इंदौर आएंगे, प्रगफत की समीक्षा करेंगे |



# मेट्रो प्रबंध संचालक हर सप्ताह इंदौर आएंगे, प्रगति की समीक्षा करेंगे



शुक्रवार को प्रायोरिटी कॉरिडोर के 16 स्टेशन का निरीक्षण किया

**इंदौर. मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निर्देशक एस. कृष्ण चैतन्य, कल इंदौर मेट्रो कार्यालय मे सभी संवेदकों के साथ समीक्षा बैठक की गई थी एवं आज सम्पूर्ण प्रयोरिटी कोरिडोर-गांधी नगर से मालवीय नगर चौराहा तक स्थलीय निरीक्षण किया. सभी पहलुओं पर सभी स्टैकहोल्डेर्स के साथ विस्तृत चर्चा की.**

प्रबंध संचालक ने कहा कि वे वह हर सप्ताह इंदौर आएंगे एवं निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा एवं निरीक्षण करेंगे. उन्होंने मेट्रो प्रोजेक्ट के सभी अधिकारियों, जनरल कंसल्टेंट के प्रतिनिधियों एवं संवेदकों से अपना सर्वोत्तम योगदान देकर मेट्रो परियोजना को धरातल पर उतारने की अपील की जिससे जल्द से जल्द आमजन के लिए मेट्रो की सुविधा मुहैया करवाई जा सके. समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगण शोभित टंडन निदेशक सिस्टम, अजय गुप्ता, निदेशक प्रोजेक्ट्स, अजय कुमार महाप्रबंधक सिविल भूमिगत, रणवीर सिंह राजपूत, महाप्रबंधक सिविल एलेवेटेड के साथ-साथ जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण संवेदकों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया.

### सभी कार्य समय पर पूर्ण करें

प्रबंध संचालक नु निर्देश दिए गए की सुपर प्रयोरिटी कॉरीडोर गांधी नगर से एससी-3 पर कमर्शियल रन इसी वर्ष प्रस्तावित है एवं अगले वर्ष सम्पूर्ण प्रयोरिटी कॉरीडोर सेक्शन जो लगभग 17 किमी है, दोनों ही कॉरीडोर के लिए सभी कार्य, प्रक्रियाएं इत्यादि को समय पूर्ण कर लिया जाए.

**8th September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| **10** | दैनिक भास्कर | इंदौर | **08.09.2024** | **J2** | सीएम् यादव आज इंदौर में चल रहे कामों की समीक्षा करेंगे |

दैनिक भास्कर इंदौर 08-09-2024

Pg-J2

## सीएम यादव आज इंदौर में चल रहे कामों की समीक्षा करेंगे

इंदौर | मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार सुबह 10.30 बजे ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में इंदौर के विकास कार्यों से जुड़ी बैठक लेंगे। इंदौर जिले का प्रभार मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पास है। वे शहर में चल रहे सड़क, फ्लाईओवर, रेलवे ओवरब्रिज, आईएसबीटी सहित नगर निगम, आईडीए और इंडस्ट्री विभाग के प्रोजेक्ट भी देखेंगे। बैठक में सिंहस्थ की दृष्टि से इंदौर-उज्जैन रोड, मेट्रो को आगे कहां और किस तरह ले जाएं, इस पर भी बात हो सकती है। सीएम इंदौर से खंडवा जाएंगे और वहां से शाम 4.20 पर उज्जैन पहुंचेंगे।



**11th September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 11 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 11.09.24 | 2 | मुख्यमंत्री यादव ने मेट्रो स्टेशन का किया अवलोकन |



राज एक्सप्रेस

महानगर

तापमान

इंदौर 3

www.rajexpress.com

निरीक्षण मेट्रो अधिकारियों ने कॉरीडोर की प्रगति एवं निर्माण कार्यों की जानकारी दी

## मुख्यमंत्री यादव ने मेट्रो स्टेशन का किया अवलोकन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 12 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 11.09.24 | 5 | मेट्रो का सफर दिसम्बर में आरंभ होगा, समय पर करें काम पूरा |

पीपुल्स समाचार

इंदौर सिटी Page: 5

# मेट्रो का सफर दिसम्बर में आरंभ होगा, समय पर करें काम पूरा



मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य पुनः मेट्रो डिपो और सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा करने के लिए पहुंचे।

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर

मो.नं. 9584460010

मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के द्वारा शनिवार को आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण करने के दौरान सभी कार्य समय सीमा में पूरे करने के निर्देश दिए गए थे, जिस पर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य रविवार को पुनः मेट्रो डिपो और सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर का दौरा करने के लिए पहुंचे। उन्होंने बताया कि सीएम विजिट के दौरान हमें मेट्रो संचालन संबंधी कार्य तय समय-सीमा में करना है, सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर दिसम्बर में पब्लिक रन हो और शहरवासी मेट्रो का सफर कर सकें, इसलिए प्रत्येक काम के लिए टाइम लिमिट फिक्स की गई। इसकी समीक्षा करने के लिए साप्ताहिक प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है।

एमडी चैतन्य ने बताया कि रविवार को इन्स्पेक्शन-वे, अनलोडिंग-वे, सब-स्टेशन का निरीक्षण किया गया। सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि कमर्शियल रन के लिए शेष बचे कार्यों को जल्द पूर्ण करें। इसके बाद गांधीनगर स्टेशन से टीसीएस चौराहा मेट्रो स्टेशन क्रमांक 3 तक चल रहे निर्माण कार्य का दौरा किया। यहां स्टेशन की एप्रोच को तेजी से पूरा करने निर्देश दिए। इसके अलावा डिपो में मेट्रो के रखरखाव, संचालन, कंट्रोल रूम के कार्यों का निरीक्षण किया।

MPMETRO

**12th September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Free Press | Indore | 12.09.24 | 2 | First look of Metro exhibits passenger comfort |



**STATE-OF-THE-ART** | **The terminal concourse contains automatic fare collection system**

# First look of Metro stations exhibits passenger comfort

**Arsh Rafik Visaal**
INDORE

FP Exclusive

Ever imagined, how Metro stations in Indore will look like and how passenger-friendly will it be? The first look of Indore Metro stations will be entirely passenger-centric and all amenities and facilities will be available keeping passengers in mind. Metro officials said that the stations are designed with a balanced cantilever structure, featuring a length of 140m and width of 21m. Most foundations are open, though some utilise pile foundations. The stations integrate several critical components, such as concourse lever piers, track supporting girders and platform level structures.

The station concourse contains automatic fare collection system in a manner that divides the concourse into two distinct areas. The 'unpaid area' is where passengers gain access to the station, obtain travel information and purchase tickets. On passing through the ticket gates, passengers will enter the 'paid area', which includes access to platforms. However, it is planned in such a way that maximum surveillance can be achieved by the ticket hall supervisor over ticket machines, automatic fare collection (AFC) gates, stairs and escalators. Ticket machines and AFC gates are positioned to minimise cross flows of passengers and provide adequate circulation space.

As in other Metro projects in India, most of the alignments in Indore Metro project is kept as elevated to minimise land acquisition and cost. Officials said that in the underground Metro, length of underground sections is restricted to congested areas where elevated construction is not feasible. Underground alignment length is 8.70 km including ramps. It will be located between Indore Railway Station to Airport Station.

There will be seven stations which will be underground including Railway Station, Rajwada, Chota Ganapati, Bada Ganapati, Ramchandra Nagar, BSF-Kalani Nagar and Airport. Underground stations will be two-level air-conditioned stations with minimum two entry-exits. Airport and Railway Station has additional entry to ensure multi-modal integration. In multi-modal integration, Indore Railway Metro Station is directly connected to Indore Railway Station via FOB. Airport Metro Station will be connected to Devi Ahilya Bai Holkar Airport via subway. Modern passenger safety features like platform screen doors, fire alarm & fire-fighting systems and others will also be ensured.



Entry/Exit Building

Station Interior

**Amenities at Metro stations**

- Entry/exit buildings with foot over bridges (FOBs)
- Automatic fare collection systems
- Side platforms for efficient passenger movement
- High surveillance and safety features

**Admin and control at Metro depot**

**Administration building:** Includes a creche, medical room, yoga hall and various specialised rooms for operations, signalling and telecom facilities

**Operation control centre (OCC):** Manages the entire Metro network, supported by a depot control centre, crew booking centre

**Training centre:** This block consists of training facilities with simulator room for testing, commissioning purposes. This block includes a canteen too with kitchen facilities

**Central store depot:** Features separate storage for paints, inflammables, lubricants and a goods platform with a ramp

**Receiving sub-station:** Receives power from the grid at 132 kV/220 kV, stepping it down to 33 kV for distribution

Effluent and sewage treatment plants: Ensures proper collection and treatment of effluent and sewage

Security: A 3-metre high permanent boundary wall with a concertina coil fence, lights and CCTV cameras

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 | Free Press | Indore | 16.09.24 | 2 | Metro MD Inspects Super Priority corridor |



## Metro MD inspects Super Priority Corridor

**Our Staff Reporter**
INDORE

The MP Metro Rail Corporation Limited's Managing Director S Krishna Chaitanya conducted a field inspection of the weekly progress of Indore Metro Super Priority Corridor.

He first inspected the Gandhi Nagar Depot where he inspected the inspection-bay, unloading-bay, sub-station etc and directed to complete the remaining works soon for commercial run. After that, he inspected various works going on from Gandhi Nagar Station to Super Corridor-03.

This was the third visit of the Metro MD to Indore to review and inspect the progress of the construction work of the priority corridor.

He also inspected the Receiving Sub-Station (RSS) being constructed at MR-10. The MD again instructed all the stakeholders to work with coordination so that all the work can be completed smoothly and on time.

He also took a review meeting with all the stakeholders at the Indore Metro office.

18th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 15 | Free Press | Indore | 18.09.24 | 1 & 6 | Metro may roll out in Indore in January, Bhopal in July |



# Metro may roll out in Indore in January, Bhopal in July

**Rajan Raikwar**
BHOPAL

Madhya Pradesh Metro Rail Corporation officials are working tirelessly to ensure metro's commercial operation in Indore and Bhopal by next year.

A senior officer of Metro Rail Corporation said that metro was likely to start operating in Indore in January, while in Bhopal it would be rolled out in July.

A clearance certificate from Commissioner, Metro Safety, would be sought before starting the operation.

"Once clearance is received, the CM will be approached to roll out the metro for commercial operation," said one of the senior officers of Madhya Pradesh Metro Rail Corporation.

Continued on | P6

**DPR study for Indore-Ujjain Metro underway**

The Departmental Project Report work is underway to see the feasibility of running metro between Indore and Ujjain. It was CM Mohan Yadav who had many months back announced metro facility between Indore and Ujjain.

## Metro may roll out...

The commercial operation of Metro train in Indore is being planned in 5-km stretch. A report related to preparations done for commercial operation in Indore would be sent to Commissioner, Metro Safety at an appropriate time. In Bhopal, metro's commercial operation was being planned between Subash Nagar and AIIMS (8km).

The Commissioner, Metro Safety, is normally invited a month before commercial operation of metro. He checks all security parameters before issuing clearance certificate.

In Bhopal, eight metro stations are almost ready and currently, their finishing work is underway.

Total 27 metro trains have been sanctioned for Bhopal Metro project and so far six have arrived. Arrival of one more metro train set is in the offing and it could arrive in a month or two. As far as Indore Metro project is concerned total 27 metro trains have been sanctioned and seven have arrived so far.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Free Press | Indore | 18.09.24 | 3 | Casting work completed for Yellow Line Metro |



# Casting work completed for Yellow Line Metro

**Our Staff Reporter**
INDORE

The Indore Metro project went a step ahead as URC Construction has finished casting all 142 open foundations and 235 pile caps foundations for the Yellow Line. URC Construction, on a sub-contract from Rail Vikas Nigam Ltd. (RVNL) has finally finished casting all 377 pier foundations for the 33.53 km Indore Metro Phase 1 project.



The final foundation of the pier is situated between Super Corridor 1 and Super Corridor 2 stations. Rail Vikas Nigam Ltd bagged contract from MPMRCL with an estimated cost of Rs 1034 crore for Indore Metro's Yellow Line. A span of 10.927 km connecting MR10 Road Station to Gandhi Nagar Station with a 2.32-year deadline.

Later, RVNL sub-contracted its construction work to URC Construction. The URC's scope of work includes the 575m depot line and construction of 9 elevated stations, viz. Gandhi Nagar, Super Corridor 6, Super Corridor 5, Super Corridor 4, Super Corridor 3, Super Corridor 2, Super Corridor 1, Bhawarsala Square and MR10 Road. In March, URC completed casting of all 3302 segments for its viaduct near TCS Chauraha. Furthermore, In September 2023, MPMRCL began trial runs on a 5.8 km section of IN-03 between Gandhi Nagar Depot and Super Corridor-3 station.

**22nd September**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 17 | नईदुनिया | इंदौर | 22.09.24 | 5 | मेट्रो का आठवा कोच आया इंदौर |



## मेट्रो का आठवां कोच आया इंदौर




इंदौर : बड़ौदा में तैयार होकर मेट्रो का नया कोच इंदौर में गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो में पहुंच गया है। शनिवार को विशेष क्रेन की मदद से इसे कंटेनर से मेट्रो के रेल ट्रैक पर अनलोड किया गया। गौरतलब है कि मेट्रो के एक कोचसेट में तीन मेट्रो कोच होते हैं। इंदौर में 25 मेट्रो कोच से ट्रेन के संचालन की योजना है। शनिवार को पहुंचा कोच आठवां कोचसेट है। अब तक जो कोच इंदौर पहुंचे हैं, उनकी टेस्टिंग और ट्रायल किया जा रहा है। ये कोच ट्रैक पर चलाए भी जा रहे हैं। • नईदुनिया

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 22.09.24 | 3 | रोलिंग स्टॉक का आठवाँ सेट गाँधी नगर डिपो पंहुचा |



# रोलिंग स्टॉक का आठवां सेट गांधी नगर डिपो पहुंचा...



इंदौर मेट्रो की यलो लाइन के लिए रोलिंग स्टॉक का आठवां सेट गांधी नगर डिपो पहुंच चुका है। इस उपलब्धि पर इंदौर मेट्रो के मैनेजिंग डायरेक्टर एस. कृष्णा चैतन्य ने टीम की सराहना की। उन्होंने टीम को अपने लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ने की सलाह दी। दिसंबर 2024 में सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर ट्रेन संचालन पब्लिक के लिए आरंभ किया जाना है, जिसके लिए काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 19 | Free Press | Indore | 22..09.24 | 2 | 8th set of Metro rake arrives in city |



# 8th set of Metro rake arrives in city

**Our Staff Reporter**
INDORE

The 8th set of rolling stock (Metro rake) has successfully arrived and has been unloaded at Gandhi Nagar Depot on Saturday. This milestone reflects continued progress in the city's mass rapid transit system, Managing Director S Krishna Chaitanya said while commending the team for their efforts toward a reliable transit solution. In August, Indore Metro saw the safe arrival of a new 3-car train set, increasing the total count to six. This is part of the continuous effort to expand the Yellow Line, which will provide efficient, reliable transportation for Indore residents. Alstom is supplying a total of 52 train sets, split between Indore and Bhopal. These trains can operate at speeds of up to 80 km/h across the 31.5 km stretch in Indore and 31 km in Bhopal. The Yellow Line will feature 29 stations and will enhance metro connectivity across the city's busiest areas.

23rd September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | राज एक्सप्रेस | इंदौर | 23.09.24 | 3 | वडोदरा से मेट्रो रेल का एक और  सेट इंदौर पंहुचा |

राज एक्सप्रेस
सोमवार, 23 सितम्बर, 2024
सूर्यास्त (सोमवार): 18:23
सूर्योदय (मंगलवार): 06:16
महानगर
तापमान अधिकतम 33.8° न्यूनतम 23.2°
इंदौर 3
www.rajexpress.com



जमीन से जुड़े मामलों के लिए सेवानिवृत आरआई और पटवारियों की भर्ती भी निकाली

# वडोदरा से मेट्रो रेल का एक और सेट इंदौर पहुंचा

## अब तक 8 सेट आ चुके दिसंबर तक तीन-तीन कोच की कुल 25 सेट आएंगे

### मेट्रो स्टेशन और उनकी कनेक्टिविटी

- गांधी नगर मेट्रो स्टेशन
- केंद्रीय विद्यालय नम्बर - 2
- बिजासन माता मंदिर
- गांधी नगर डिपो
- नवगृह जिनालय ग्रेटर बड़ा परिसर
- सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन . 3
- पालाखेड़ी
- टिगरिया बादशाह
- लिम्बोदी गारी
- सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन . 4
- आईटी हब
- सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन . 5
- बड़ा बागड़दा
- एमआर 5 चौराहा
- सुपर कॉरिडोर मेट्रो स्टेशन . 6
- बोहरा कालोनी
- गुरुद्वारा
- छोटा बागड़दा

### रिटायर्ड आरआई और पटवारियों को मौका

रिटायर्ड रेवेन्यू इंस्पेक्टर और पटवारियों को भी मेट्रो प्रोजेक्ट से जुड़ने का अच्छा मौका भी मिल रहा है। दरअसल प्रोजेक्ट की राह में आने वाली जमीन, मकान दुकान अन्य संपति से जुड़े मसलों को निपटाने के लिए कंपनी ने यह फैसला लिया है। एमपी मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने बाकायदा इसके लिए भर्ती निकाली है। दोनों स्थानों के लिए आउटसोर्स (थर्ड पार्टी एजेंसी) के रूप में यह भर्ती होगी जिसमे चयनित अधिकारी को 25 हजार रुपए वेतन देने की बात कंपनी ने कही है।

### ऐसी रहेगी स्टेशनों की व्यवस्था

इंदौर के सभी मेट्रो स्टेशनों पर अत्याधुनिक व्यवस्थाओं का समावेश किया गया है। फिलहाल प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 मेट्रो स्टेशन काम अंतिम चरण में आ चुका है। इन स्टेशनों पर यात्रियों के आने जाने के लिए दो एंट्री और दो एक्जिट गेट रखे गए है। इसके अलावा दो एस्केलेटर और दो लिफ्ट भी रहेगी। फुट ओवर ब्रिज के साथ प्रवेश और निकास भवन भी बनाए गए है। स्टेशनों को कैंटिलीवर संरचना के साथ डिजाइन किया गया है। जिसकी लंबाई 140 मीटर और चौड़ाई 21 मीटर है। सुरक्षा के भी खास इंतजाम किए गए है।



● इंदौर / राज न्यूज नेटवर्क

दिसंबर तक मेट्रो रेल के कमर्शियल रन को शुरू करने के लिए अब काम तेज गति से चलने लगा है। एयरपोर्ट से सुपर कॉरिडोर स्टेशन- 3 के बीच शुरू होने वाले कमर्शियल रन के लिए सभी जरूरी काम की मॉनिटरिंग खुद एमडी एस कृष्णा चैतन्य कर रहे हैं। सभी कंसलटेंट्स, ठेकेदार एजेंसी और कंपनी के अधिकारियों को सख्त हिदायत है कि दिसंबर से पहले सभी काम पूरे हो जाना चाहिए। वडोदरा गुजरात से मेट्रो रेल के सेट भी आने लगे हैं। शनिवार को भी एक मेट्रो रेल सेट इंदौर पहुंचा। इसे मिला कर अब तक इंदौर में मेट्रो रेल के 8 सेट आ चुके है कुल 25 सेट इंदौर में आएंगे। उधर कंपनी ने प्रोजेक्ट के बीच आने वाली जमीन व अन्य संपत्तियों के मामले में सेवानिवृत्त रेवेन्यू इंस्पेक्टर और पटवारियों की मदद लेने का फैसला लिया है। इस संबंध में कंपनी ने भर्ती भी निकाली है।

### इंदौर में 25 और भोपाल में 27 रेल सेट

इंदौर भोपाल में दिसंबर से मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने के लिए मेट्रो कंपनी तेजी से कम कर रही है। दोनों शहरों में मेट्रो के सेट एक के बाद एक आते जा रहे हैं। शनिवार को इंदौर के गांधी नगर डिपो पर रोलिंग स्टॉक (मेट्रो रेल) का 8वां सेट पहुंचा। इसके लिए एमडी कृष्ण चैतन्य ने पूरी टीम को बधाई दी। गौरतलब है कि इंदौर में 25 और भोपाल में 27 मेट्रो ट्रेनें चलाई जाएंगी। अब तक इंदौर में 8 और भोपाल में 12 कोच आ चुके हैं। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एल्सटाम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड कंपनी 1400 करोड़ रुपये में भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 कोच बना रही है। मेट्रो के कोचों में रीजनरेटेड ब्रेकिंग सिस्टम लगाए जा रहे हैं। जो ब्रेक लगने पर भी बिजली जनरेट करेगा। इसी प्रकार दोनों शहरों की मेट्रो के सभी कोच स्टेनलेस स्टील से तैयार किए जा रहे हैं। इंदौर-भोपाल मेट्रो में तीन कोच वाली रेल होंगी और हर रेल में 970 यात्री सफर कर सकेंगे।



29th September

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | दैनिक भास्कर | इंदौर | 29.09.24 | | इंदौर शहर में हो रहा चौतरफा विकास मेट्रो के काम ने भी पकड़ी रफ्तार |

दैनिक भास्कर इंदौर 29-09-2024



इंपैक्ट फीचर

# इंदौर शहर में हो रहा चौतरफा विकास मेट्रो के काम ने भी पकड़ी रफ़्तार

## शहर के रियल एस्टेट सेक्टर्स को मिल रहा बढ़ावा

**किसी भी शहर का चौतरफा विकास होता है तो उसका लाभ शहर के हर एक नागरिक को मिलता है। आज इंदौर प्रदेश का वो शहर है जहां किसी एक क्षेत्र में नहीं बल्कि सभी क्षेत्रों में तेजी से विकासकार्य जारी है। देश के इस आगे बढ़ते हुए शहर ने पहले ही अपनी छाप स्थापित की है। समय के साथ ही अब मेट्रो के काम ने भी तेजी से रफ़्तार पकड़ ली है।**

बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और शहर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की प्रक्रिया के अंतर्गत इंदौर शहर में चौतरफा विकास हो रहा है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट से रियल एस्टेट से जुड़े कमर्शियल, रेसीडेंशियल, इंडस्ट्रियल, रीटेल, हेल्थकेयर सेक्टर्स को काफी बढ़ावा मिल रहा है। स्मार्ट सिटी बनने से शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही देश से कनेक्टिविटी और भी बेहतर होगी। साथ ही शहर में बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, इंश्योरेंस, टेलीकॉम, आईटी, रीटेल सभी सेक्टर तीव्र गति से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं शहर में बढ़ते मॉल कल्चर ने लोगों की लाइफ स्टाइल पूरी तरह से बदल दी है। विभिन्न क्षेत्रों की कई नामी कंपनियों के आउटलेट यहां खुल चुके हैं।

### शहर में मौजूद कई बड़ी सौगातें

- अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट, क्रिकेट स्टेडियम, फाइव स्टार होटल, मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल भी शहर में मौजूद है। इस लिहाज से रियल एस्टेट से जुड़े लोगों को भी शहर में अपार संभावनाएं दिखाई पड़ रही है। रोजगार की तलाश में अन्य इलाकों से यहां लोगों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। देश की कई बड़ी कंपनियों ने इंदौर में अपनी जगह तलाशी है। बढ़ती जनसंख्या के दबाव ने शहर में आवास की मांग बढ़ा दी है। प्रतिदिन नित नए अपार्टमेंट्स की नींव रखी जा रही है।

### तैयार किए जा रहे नए प्रोजेक्ट्स

- रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स मौजूदा दौर की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए जा रहे हैं। यानी जहां बुनियादी सुविधाओं के साथ ही आधुनिक सुविधाएं भी मौजूद है। इनमें प्लॉट, डुप्लेक्स, बंगले, फ्लैट आदि शामिल हैं। फायर सेफ्टी सिक्योरिटी, मेडिकल, पार्क, क्लब हाउस, लैंडस्केप गार्डन, इको फ्रेंडली लेआउट, वाटर हार्वेस्टिंग आदि खूबियां हैं। एनर्जी सेविंग के लिए भी इनोवेटिव वर्क किया जा रहा है। इन प्रोजेक्ट में ओपन स्पेस, बेस्ट किचन साइज, माड्यूलर किचन, गार्डनिंग, बैटरी लिफ्ट आदि को विशेष तौर पर जोड़ा गया है। लोगों की डिमांड और पसंद को देखते हुए अपार्टमेंट में स्विमिंग पूल, गार्डन, प्लेग्राउंड, क्लब, जिम सबकुछ मुहैया कराया जा रहा है। परिवहन व्यवस्था, सड़कों का निर्माण, वाटर रिचार्जिंग, वर्षा जल निकासी के लिए स्ट्रॉम वॉटर, सफाई व्यवस्था, पेयजल वितरण, सीवरेज व ड्रेनेज लाइन की व्यवस्था, उद्यानों का निर्माण व विकास, प्रकाश व्यवस्था आदि सभी बेहतर होने की वजह से आज शहर के हर कोने में भवनों का निर्माण प्रगति पर है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 22 | पीपुल्स समाचार | इंदौर | 29.09.24 | 9 | मेट्रो कंट्रोल रूम सिस्टम की पहली झलक आई सामने |

बदलते जमाने का अखबार
पीपुल्स समाचार

न्यूज़ पोर्टल राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय प्रादेशिक खेल व्यापार

इंदौर सिटी Page: 9 September 29, 2024

# मेट्रो कंट्रोल रूम सिस्टम की पहली झलक आई सामने

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9584691000

मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के एमडी एस. कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को इंदौर के मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की समीक्षा की और दिसम्बर में मेट्रो आरंभ हो, जिसके लिए काम की समीक्षा करते हुए गांधी नगर में बना रहे मेट्रो ट्रेन कंट्रोलिंग सिस्टम को देखा, जिसकी पहली तस्वीर मीडिया के सामने आई। एमडी चैतन्य ने बताया कि गांधीनगर डिपो में मेट्रो परिचालन के सबसे महत्वपूर्ण ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर



बनाया जा रहा है। यह स्काडा सिस्टम के रूप में काम करेगा। 31 किलोमीटर के मेट्रो रूट पर कहां कौन-सी ट्रेन चल रही है, उसकी स्पीड क्या, क्राउड कितना है... सभी की लाइव स्थिति दिखाई देगी। वर्तमान यहां टेलीकॉम इक्विपमेंट सहित मशीनों के इंस्टालेशन का काम जारी है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 | नईदुनिया | इंदौर | 29.09.24 | 2 | ट्रायल रन से पहले तैयार किए जाएंगे मेट्रो स्टेशन |

# ट्रायल रन से पहले तैयार किए जाएंगे मेट्रो स्टेशन



प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने किया मेट्रो के कार्यों का निरीक्षण। • सौजन्य

**नईदुनिया प्रतिनिधि, इंदौर :** मेट्रो के प्रायोरिटी कारिडोर पर साल के आखिरी में ट्रायल रन किया जाना है। इसी योजना के अनुसार सारे कार्य किए जा रहे हैं। प्रत्येक सप्ताह कार्यों का निरीक्षण और समीक्षा मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य द्वारा की जा रही है। मेट्रो के स्टेशनों पर सिविल कार्य के साथ ही सिस्टम लगाने का कार्य किया जाएगा, ताकि ट्रायल रन से पहले स्टेशन पूरी तरह से तैयार हो सकें। स्टेशनों पर एंट्री-एक्जिट बिंदु को जल्द ही क्रियाशील करने के निर्देश प्रबंध संचालक ने दिए हैं। इंदौर मेट्रो सुपर प्रायोरिटी कारिडोर की साप्ताहिक प्रगति की समीक्षा मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने शनिवार को की। उन्होंने अधिकारियों के साथ स्टेशनों पर मेट्रो मल्टी माडल ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी और सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जहां कार्य पूरे हो गए हैं, वहां से बैरिकेडिंग जल्द से जल्द हटाई जाए। प्रबंध संचालक ने गांधी नगर डिपो का निरीक्षण किया और मेट्रो परिचालन के आपरेशन कंट्रोल सेंटर पहुंचकर, कंट्रोल थिएटर तथा टेलीकाम का जायजा लिया। समीक्षा बैठक में निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, निदेशक प्रोजेक्ट अजय गुप्ता, महाप्रंधक सिविल अजय कुमार, महाप्रबंधक अरुण कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।